राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली
बृहस्पतिवार • 8 मार्च • 2018
16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

बारहवीं के फिजिक्स के पेपर में उलझे परीक्षार्थी

नई दिल्ली (एसएनबी)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के साइंस स्ट्रीम के विद्यार्थी बुधवार को अपनी पहली फिजिक्स की परीक्षा में उलझे। दरअसल परीक्षा में करीब तीन प्रश्न उलझाने वाले थे और लैंदी थे। दो प्रश्न तीन-तीन अंक वाले और एक प्रश्न पांच अंक का था, जो परीक्षार्थियों को मुश्किल लगा। लिहाजा परीक्षार्थियों के लिए पेपर थोड़ा मुश्किल भरा रहा। पेपर कुल 70 अंको का था। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की फिजिक्स की शिक्षिका शिवांगी ने बताया कि फिजिक्स की परीक्षा में एक अंक के पांच, 2 अंक के पांच, 3 अंके के 11 प्रश्न, 1 प्रश्न मूल्य अधारित चार अंकों का और पांच अंको के तीन प्रश्न पूछे गये थे। तीन प्रश्नों के चलते परीक्षार्थी मेघा, रिया और भावना आदि ने बताया कि पेपर थोड़ा मुश्किल था और कुछ प्रश्न छूट भी गए